एक नजर में

सेंट्रल बैंक का मेगा क्रेडिट कैंप आज

इंदौर. सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा आज देशभर में राष्ट्रीय मेगा एमएसएमई क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसका उद्देश्य उद्यमियों, इंजीनियरों को आसान एवं कम ब्याज दर में किफायती ऋण उपलब्ध कराना है. कैंप में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के सभी योजनाओं की विस्तृत रूप से जानकारी दी जायेगी. कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय प्रमुख आरके सिंह द्वारा की जाएगी एवं आंचलिक कार्यालय के गणमान्य आधिकारी एवं शाखा प्रबंधकों की भी उपस्थित होगी. इस कैंप का आयोजन एडवांस्ड टेक्नीकल एंड इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग सेंटर (एटीआईटीसी) एबी रोड, महू में किया गया है.

घरेलू मैदान पर क्रिकेट से ट्रैवल डिमांड बढ़ी

इंदौर. भारत और श्रीलंका में मेन्स टी20 वर्ल्ड कप शुरू हो गया है, और स्टेडियम के बाहर एवं एयरपोर्ट्स पर क्रिकेट का जुनून दिखाई देने लगा है. स्काईस्कैनर के नए आँकड़ों के मुताबिक इस समय फ्लाईट सर्च की मांग बहुत तेजी से बढ़ी है क्योंकि भारतीय फैन मैच के शेड्यूल के मुताबिक ट्रैवल करने की योजना बना रहे हैं. इससे प्रदर्शित होता है कि देश में ट्रैवल के निर्णयों पर क्रिकेट का कितना गहरा असर होता है. स्काईस्कैनर इंडिया में डेस्टिनेशन एवं ट्रैवल ट्रेंड्स एक्सपर्ट, नील घोष ने कहा 'हम देख रहे हैं कि ट्रैवल की प्लानिंग में क्रिकेट की भूमिका बढ़ रही है. फैंस मैच के दिनों के अनुसार अपनी ट्रिप्स की योजना बना रहे हैं. प्रमुख मैचों के लिए भारतीय शहरों और विदेश की यात्रा के लिए फ्लाईट सर्च की जा रही हैं. वर्ल्ड कप प्रदर्शित कर रहा है कि बड़े स्तर की स्पोर्टिंग ईवेंट्स किस प्रकार भारतीय यात्रियों के बीच ट्रैवल के समय और उद्देश्य को प्रभावित कर रही हैं.

जेनेराली ने हियर नाउ का अगला चरण शुरु किया

इंदौर. जेनेराली सेंट्रल लाइफ इंश्योरेंस ने अपने राष्ट्रीय ब्रांड अभियान हियर नाउ के अगले चरण की शुरुआत की है जिसमें जीवन के दो महत्वपूर्ण चरणों बच्चों के भविष्य की आकांक्षाओं और सेवानिवृत्ति सुरक्षा में जीवन बीमा समाधान उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया गया है. इस अभियान की सहायता से लोग आज ही सूचित वित्तीय निर्णय लेकर एक मजबूत और अधिक सुरक्षित भविष्य बना सकेंगे. लॉन्च पर जेनरली सेंट्रल लाइफ इंश्योरेंस के एमडी और सीईओ आलोक रुंगटा ने कहा इस पहल के माध्यम से, हम चाहते हैं कि लोग जीवन बीमा को केवल सुरक्षा के रूप में नहीं, बल्कि अपने जीवन के सपनों को साकार करने के साधन के रूप में भी देखें- चाहे वह अपने बच्चों की आकांक्षाओं को सुरक्षित करना हो या अपने भविष्य के लिए आत्मविश्वास के साथ योजना बनाना हो.

भारत का आर्थिक विकास तेज करने का रोडमैप

इंदौर. जेसीबी इंडिया के सीईओ और मैनेजिंग डायरेक्टर दीपक शेटटी ने कहा कि हम बजट 2026 का स्वागत करते हैं, जो भारत की आर्थिक विकास यात्रा को तेज़ करने और विकसित भारत के विज़न को आगे बढ़ाने की दिशा में एक निर्णायक रोडमैप पेश करता है. सात रणनीतिक क्षेत्रों में मैन्युफैक्चरिंग को विस्तार देने और चैंपियन एमएसएमई को प्रोत्साहन देने पर दिया गया ज़ोर, देश की घरेलू क्षमताओं को मजबूत करने के साथ-साथ भारत को वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में अहम कदम है. कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट सेक्टर के लिए यह बजट खासतौर पर उत्साहजनक है. टनल बोरिंग मशीन, अर्थमूविंग इक्विपमेंट और क्रेन सिस्टम जैसे हाई-वैल्यू कैपिटल गुड्स के घरेलू निर्माण को बढ़ावा देने से उन्नत तकनीक वाले उपकरणों की मांग बढ़ेगी, नवाचार को गति मिलेगी और भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मक स्थिति और मजबूत होगी. बजट में बुनियादी ढांचे पर दिया गया विशेष ध्यान, खासकर सात हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर को ग्रोथ कनेक्टर के रूप में विकसित करने की योजना, क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मजबूत करेगी, शहरी गतिशीलता में सुधार लाएगी और उत्पादकता बढ़ाएगी. इससे भारत वैश्विक निवेश के लिए और अधिक आकर्षक गंतव्य बनेगा.

मैगी के 50 साल पूरे करने पर डाक टिकट जारी

इन्दौर. नेस्ले इंडिया ने भारत में मैगी के 50 वर्ष पूरे होने के अवसर पर एक विशेष उपलब्धि का जश्न मनाते हुए एक स्मारक डाक टिकट जारी किया. इस डाक टिकट का अनावरण नेस्ले इंडिया के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर मनीष तिवारी ने भारत सरकार के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान की उपस्थिति में किया. यह डाक टिकट मैगी की उस विकास यात्रा को समर्पित है, जिसमें ब्रांड ने समय से आगे रहते हुए एक अत्यंत लोकप्रिय श्रेणी के पर्याय के रूप में अपनी पहचान बनाई और पीढ़ियों से लोगों को एक साथ लाने का कार्य निरंतर किया. डाक टिकट के शुभारंभ की घोषणा करते हुए, मैनेजिंग डायरेक्टर मनीष तिवारी ने कहा भारत में मैगी के लिए यह वास्तव में एक विशेष उपलब्धि है. हमारे जैसे जीवंत और विविधतापूर्ण देश में पाँच दशकों का सफर तय करना उस विश्वास, स्नेह और रोज़मर्रा के प्रेम का प्रतीक है, जो लाखों उपभोक्ताओं ने इस ब्रांड पर निरंतर बरसाया है. यह उन साझा पलों का उत्सव है, जो वर्ष दर वर्ष और पीढ़ी दर पीढ़ी और भी मजबूत होता गया है.

स्व. बाहेती की पुण्यतिथि पर आंदरांजलि कार्यक्रम

इन्दौर, 6 फरवरी। गीता भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष और वैष्णव ट्रस्ट सहित शहर की अनेक धार्मिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्थाओं का बरसों तक संचालन करने वाले वरिष्ठ समाजसेवी स्व. बाबूलाल बाहेती की 13वीं पुण्यतिथि सोमवार 9 फरवरी को गीता भवन में प्रात: 10 बजे से मनाई जाएगी. ट्रस्ट के अध्यक्ष राम एरन एवं मंत्री रामविलास राठी ने बताया कि भदौही (उप्र) से आए विद्वत प्रवर पीयूष महाराज रामायणी के सानिध्य में स्व. बाहेती की स्मृति में श्रद्धांजलि-आदरांजलि का आयोजन रखा गया है जिसमें गीता भवन परिवार एवं अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधि स्व. बाहेती को श्रद्धा सुमन समर्पित करेंगे।

एक्सिस बैंक ने लॉन्च किया रूफटॉप सोलर फाइनेंस

इंदौर. भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने रूफटॉप सोलर फाइनेंस की शुरुआत की है. यह एक विशेष वित्तीय समाधान है, जिसका उद्देश्य सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को सौर ऊर्जा अपनाने और ऊर्जा आत्मनिर्भरता के माध्यम से अपनी ऊर्जा लागत को अनुकूलित करने में सहायता करना है. इस योजना के तहत एमएसएमई 10 लाख से 2 करोड़ रुपए तक का बिना जमानत ऋण प्राप्त कर सकते हैं, जिसकी चुकौती अवधि 4 से 7 वर्षों तक लचीली रखी गई है. यह संरचना एमएसएमई को अपने बैलेंस शीट या कार्यशील पूंजी चक्र पर दबाव डाले बिना रूफटॉप सोलर सिस्टम में निवेश करने की सुविधा देती है. यह उत्पाद एक्सिस बैंक के व्यापक शाखा नेटवर्क के माध्यम से पूरे देश में उपलब्ध होगा. इसके अलावा, एक्सिस बैंक ने एक टेक्नोलॉजी पार्टनर के साथ भी सहयोग किया है, जिससे एमएसएमई को सौर ऊर्जा अपनाने की पूरी प्रक्रिया के दौरान बेहतर पारदर्शिता मिल सके – जिसमें सिस्टम की लागत, अनुमानित बचत और क्रियान्वयन की समय-सीमा जैसी जानकारियां शामिल हैं.

सैमसंग ने लॉन्च किया गैलेक्सी ए07 5जी

इंदौर. भारत की अग्रणी कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी सैमसंग ने आज नया सैमसंग गैलेक्सी ए07 5जी लॉन्च किया. यह स्मार्टफोन खासतौर पर उन यूज़र्स के लिए तैयार किया गया है जो एंटरटेनमेंट, कंटेंट क्रिएशन और पूरे दिन बिना रुकावट इस्तेमाल की तलाश में रहते हैं. यह स्मार्टफोन इंडस्ट्री-ग्रेड डेटा सुरक्षा के नए मानक स्थापित करता है, जिससे यूज़र्स को बेफिक्र इस्तेमाल का भरोसा मिलता है. सैमसंग इंडिया के एमएक्स बिज़नेस के वाइस प्रेसिडेंट आदित्य बब्बर ने कहा सैमसंग में हम अपने युवा ग्राहकों की बदलती जरूरतों को अच्छी तरह समझते हैं. आज की जेन-ज़ी सोशल कंटेंट ज्यादा बना रही है, मोबाइल गेमिंग में रुचि बढ़ रही है और ऑनलाइन कंटेंट की खपत पहले से कहीं अधिक हो गई है। इन्हीं जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सैमसंग गैलेक्सी ए07 5जी को 'मोर ऑसम' अनुभव के साथ पेश किया गया है। इसमें दमदार 50एमपी कैमरा, लंबे समय तक चलने वाली 6000एमएएच बैटरी और शानदार 120हर्ट्ज डिस्प्ले का बेहतरीन मेल है. भारतीय युवाओं के लिए तैयार यह ऑल-इन-वन पैकेज पेश करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है.

फाइन एर्सस ने डोल्से होटल्स एंड रिसॉर्ट्स भारत में पेश किया

इंदौर. भारतीय हॉस्पिटैलिटी उद्योग एक नए युग में प्रवेश कर रहा है और इस परिवर्तन का नेतृत्व फाइन एर्सस कर रहा है. फाइन एर्सस ने दुनिया की सबसे बड़ी होटल फ्रेंचाइजिंग कंपनी व्यंडहम होटल्स एंड रिसॉर्ट्स के साथ एक रणनीतिक गठबंधन की घोषणा की है, जिसके अंतर्गत डोल्से होटल्स एंड रिसॉर्ट्स को पहली बार भारत में पेश किया जा रहा है. दिनेश यादव के नेतृत्व में विकसित, इस सहयोग के अंतर्गत भारत में दो प्रतिष्ठित परियोजनाएँ लाई जा रही हैं, डोल्से बाय व्यंडहम गोवा और डोल्से बाय व्यंडहम उदयपुर, जो भारत के उत्कृष्ट लाइफस्टाइल और डेस्टिनेशन-आधारित हॉस्पिटैलिटी श्रेणी में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगें. इन दोनों परियोजनाओं के ब्रांड साइनिंग समारोह के साथ ही व्यंडहम ग्रैंड जयपुर आमेर का औपचारिक शुभारंभ भी किया गया, जो फाइन एर्सस के वैश्विक ब्रांडेड हॉस्पिटैलिटी पोर्टफोलियो को और मजबूत करता है. फाइन एर्सस के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक दिनेश यादव ने कहा भारत में प्रीमियम रिसॉर्ट्स और डेस्टिनेशन वेडिंग स्थलों की बढ़ती माँग के बीच, डोल्से गोवा और डोल्से उदयपुर विश्व-स्तरीय हॉस्पिटैलिटी प्रदान करेंगे.

इंदौर-हैदराबाद एक्सप्रेस-वे का 80 प्रतिशत काम पूरा

जून से वाहनों का आवागमन शुरू होने की संभावना

नव भारत न्यूज

इंदौर. एनएचएआई द्वारा बनाए जा रहे इंदौर से हैदराबाद एक्सप्रेस वे जल्द शुरू होने वाला है. उक्त हाई वे के शुरू होने से 18 घंटे का सफर 10 घंटों में पूरा हो जाएगा. यह सड़क शुरू होने से प्रदेश के आर्थिक विकास को गति मिलेगी. इंदौर सीधे महाराष्ट्र और तेलंगाना से जुड़ जाएगा. इंदौर से हैदराबाद की दूरी 150 किलोमीटर काम होकर 725 किलोमीटर रह जाएगी. यह सड़क तेजाजी नगर से बुरहानपुर होते अकोला से संगारेड्डी होते हुए हैदराबाद पहुंचेगा.

देश में विकास में सड़कों का नेटवर्क बढ़ाया जा रहा है. इसी के चलते इंदौर की महाराष्ट्र और तेलंगाना के कई शहरों के बीच की दूरी एक्सप्रेस-वे से कम होने जा रही है. पहले हैदराबाद का सफर 18 घंटे में पूरा होता था, जो अब सिर्फ 10 घंटे में पूरा हो जाएगा. दोनों शहरों को जोड़ने वाला करीब 725 किमी लंबा एक्सप्रेस-वे इस साल बनकर पूरा हो जाएगा. इससे दोनों शहरों के बीच की दूरी भी वर्तमान की तुलना में करीब 150 किमी कम हो जाएगी.

इंदौर-हैदराबाद एक्सप्रेस वे में क्या है खास-भारतमाला प्रोजेक्ट के पहले चरण के तहत इंदौर-हैदराबाद एक्सप्रेस-वे का निर्माण नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) द्वारा किया जा रहा है. इस एक्सप्रेस वे में ब्राउनफील्ड और ग्रीनफील्ड दोनों तरह के हिस्सों का निर्माण किया जा रहा है. इसकी कुल लंबाई 725 किमी रहेगी, जिसका निर्माण कार्य अंतिम दौर में है. मध्य प्रदेश में भेरूघाट टनल और वायडक्ट जैसे कई कठिन हिस्सों का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है.

इंदौर के विकास को आर्थिक गति-उक्त एक्सप्रेस-वे का मुख्य उद्देश्य सफर के समय को कम करना और दोनों शहरों के बीच की दूरी कम करना था. नए एक्सप्रेस-वे के जरिए मध्य प्रदेश, तेलंगाना और महाराष्ट्र इन तीनों प्रदेशों की कनेक्टिविटी में सुधार भी होगा. खास बात ये है कि मध्य प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर जैसे शहर की महाराष्ट्र और तेलंगाना जैसे तेजी से तरक्की कर रहे राज्यों से सीधी कनेक्टिविटी हो जाएगी. इससे इंदौर के आर्थिक विकास को ओर गति मिलेगी.

भारत माला परियोजना के तहत बन रहा एक्सप्रेस-वे

एनएचएआई द्वारा इंदौर से हैदराबाद को जोड़ने वाली फोर लेन सड़क भारत माला परियोजना के तहत सेमी-एक्सेस-कंट्रोल्ड एक्सप्रेस-वे का काम करीब 80 प्रतिशत हो चुका है. मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और तेलंगाना से होकर गुजर रहे इस एक्सप्रेस-वे से आर्थिक विकास को गति मिलेगी. वैसे तो इस प्रोजेक्ट को पूरा करने का लक्ष्य 2025 रखा गया था, लेकिन अब ये 2026 में पूरा हो पाएगा और इसी साल से इस एक्सप्रेस वे पर भारी और हल्के वाहन तेज गति से दौड़ते नजर आएंगे.

इन शहरों के बीच होगी कनेक्टिविटी

नए एक्सप्रेस-वे सड़क के कारण मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और तेलंगाना के कई बड़े और छोटे शहरों को फायदा मिलेगा. इंदौर के तेजाजी नगर से शुरू होकर एक्सप्रेस-वे बड़वाह एवं बुरहानपुर होते हुए महाराष्ट्र के जलगांव, अकोला, हिंगोली और नांदेड़ से जुड़ेगा. आगे तेलंगाना के मंगलूर, रामसनपल्ली, संगारेड्डी से होते हुए हैदराबाद से जुड़ जाएगा.

सेमी-एक्सेस-कंट्रोल्ड एक्सप्रेस-वे में ऐसा होता है

सेमी-एक्सेस-कंट्रोल्ड एक्सप्रेस वे तकनीक फुल एक्सप्रेस-वे से मिलती जुलती है, लेकिन इसमें एंट्री और एग्जिट फुल एक्सप्रेस-वे जैसा सख्त नहीं होता है. ये मुख्य तौर पर बड़े शहरों को जोड़ने के लिए बनाए जाते हैं, जहां क्रांसिग के लिए फ्लाईओवर और सर्विस रोड के जरिए अन्य मार्गों से जोड़ा जाता है. इसमें विभाजित लेन होती है. एक्सप्रेस वे पर किसी शहर या इलाके का ट्रैफिक सीधे प्रवेश नहीं कर पाता है, बल्कि सर्विस रोड के जरिए प्रवेश लेना होता है. सामान्य हाईवे के मुकाबले वाहनों की गति ज्यादा होती है, लेकिन फुल एक्सप्रेस वे की तुलना में इसमें कम सख्ती से प्रतिबंध लगा होता है.

मध्य प्रदेश के विकास को गति देगा सेमी एक्सेस एक्सप्रेस-वे

नया एक्सप्रेस-वे से सिर्फ इंदौर को नहीं, बल्कि पूरे मध्य प्रदेश के विकास को बढ़ावा मिलेगा. खास फायदा यह हो सकता है कि यहां लॉजिस्ट्रिक हब के साथ माल ढुलाई और डिलेवरी में समय कम लगेगा. दूरी कम होने के कारण किराया भी कम हो जाएगा, इसका फायदा उपभोक्ता को मिलेगा.

इंटीग्रेटेड हेल्थकेयर सिस्टम को मजबूत बनाएगा पारंपरिक व आधुनिक चिकित्सा विज्ञान का समन्वय

नॉर्थ-ईस्टर्न इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद एंड होम्योपैथी की बैठक में डॉ. द्विवेदी का उद्बोधन

इंदौर/शिलाँग. नॉर्थ-ईस्टर्न इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद एंड होम्योपैथी संस्थान (एनईआईएएच) में थ्री डी ह्यूमन बॉडी एजुकेशन सिस्टम (वर्चुअल डिसेक्शन टेबल) तथा सेंट्रल रिसर्च लैबोरेटरी की स्थापना का प्रस्ताव अत्यंत महत्वपूर्ण है. इस पर जल्द से जल्द अमल किया जाना चाहिए. पारंपरिक चिकित्सा विज्ञान और आधुनिक डायग्नोस्टिक विज्ञान का समन्वय इंटीग्रेटिव हेल्थकेयर प्रणाली को मजबूत बनाएगा तथा आयुष चिकित्सा पद्धतियों की वैश्विक स्वीकार्यता को नई ऊँचाइयों पर ले जाएगा.

ये बात देश के प्रख्यात होम्योपैथी चिकित्साविद् डॉ. ए.के. द्विवेदी ने शिलाँग में 'नॉर्थ-ईस्टर्न इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद एंड होम्योपैथी संस्थान' द्वारा आयोजित वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक में व्यक्त की. बैठक में संस्थान के निदेशक डॉ. विजय कुमार, डॉ. बालकृष्ण पवार, डॉ. बिष्णु चौधरी, डॉ. बी.पी. चायने, डॉ. निरुपम भट्टाचार्य तथा डॉ. तपन नाथ जैसे देश के प्रमुख चिकित्साविद् ऑफलाइन मौजूद रहे. बैठक में अत्यंत प्रभावी एवं उपयोगी सहभागिता के लिए डॉ. द्विवेदी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया.

मार्च के पहले सप्ताह से राजेंद्र नगर फ्लाई ओवर पर शुरू होगा यातायात

यातायात ब्रिज से शुरू होने के बाद नीचे के काम शुरू करेगा पीडब्ल्यूडी

नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर के एबी रोड पर पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाए जा रहे राजेंद्र नगर रेलवे ओवर ब्रिज से मार्च के पहले हफ्ते में यातायात शुरू हो जाएगा. रेतीमंडी वाली तीसरी भुजा जून तक शुरू होगी, क्योंकि रेलवे विभाग द्वारा पटरी वाले हिस्से का काम अब शुरू किया जाएगा. साथ ही एबी रोड वाले हिस्से में भी पुल के नीचे बोगदो और सर्विस रोड का कार्य भी यातायात शुरू होने के बाद किया जाएगा.

पीडब्ल्यूडी द्वारा राजेंद्र नगर फ्लाई ओवर ब्रिज फरवरी तक पूरा होने का दावा किया गया था, जो पूरा होने वाला है. राऊ से इंदौर और इंदौर से राऊ तरफ जाने के लिए यातायात शुरू कर दिया जाएगा. ब्रिज से यातायात शुरू होनेवाले बाद पुल के नीचे के बचे काम शुरू हो पाएंगे, जो अभी यातायात के लिए रोक रखे हैं. यह बात अलग है कि राजेंद्र नगर रेलवे ओवर ब्रिज की तीसरी भुजा अभी शुरू नहीं होगी, क्योंकि रेलवे इंजीनियरिंग विभाग द्वारा उक्त हिस्से का निर्माण किया जाना है. वह काम अभी रेल पटरी वाले हिस्से की गर्डर लांच और अन्य काम बाकी हैं. पीडब्ल्यूडी ने उक्त ब्रिज अप्रैल 2022 में काम शुरू किया था, जिसको तीन साल बीत चुके है. ब्रिज का काम 18 महीने में ही पूरा करने का समय तय था, लेकिन नर्मदा, ड्रेनेज लाइन शिफ्टिंग का काम समय पर नहीं होने से ब्रिज निर्माण में देरी हो गई. बारिश के बाद पीडब्ल्यूडी ने ठेकदर एजेंसी पर दबाव बनाकर निर्माण कार्य में गति बनवाई.

तीन भुजा वाला ब्रिज

राजेंद्र नगर रेलवे क्रॉसिंग पर तीन भुजा वाला ब्रिज बन रहा है. उक्त ब्रिज का ठेका मेसर्स रामप्रकाश गुप्ता कंस्ट्रक्शन को दिया है. 920 मीटर लंबा और फोर लेन चौड़ा है. उक्त ब्रिज की निर्माण लागत 29 करोड़ रुपए है. उक्त की दो भुजा एबी रोड पर और एक भुजा राजेंद्र नगर पर उतरेगी.

फरवरी अंत तक पूरा होगा काम-पीडब्ल्यूडी प्रभारी कार्यपालन यंत्री गुरमीत कौर भाटिया ने कहा कि ब्रिज से एबी रोड वाली सीधी भुजा पर फरवरी अंत तक काम पूरा हो जाएगा. मार्च के पहले हफ्ते से ब्रिज से वाहनों का आवागमन शुरू हो जाएगा.

राष्ट्रनिर्माण, डिजिटल भारत और युवा चेतना पर हुआ व्यापक मंथन

युवा महोत्सव का शुभारंभ, स्वामी विवेकानंद को किया नमन

इंदौर. सत्र नियोजन युवा महोत्सव 2026 के अंतर्गत आयोजित तीन दिवसीय युवा महोत्सव का शुभारंभ उत्साह, ऊर्जा और राष्ट्रभाव से परिपूर्ण वातावरण में हुआ. महोत्सव के प्रथम दिवस युवा शक्ति, वैचारिक जागरण और राष्ट्रनिर्माण की दिशा में गंभीर मंथन देखने को मिला.

कार्यक्रम का आरंभ स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ, जहाँ उपस्थित अतिथियों एवं युवाओं ने भारत के महान विचारक को नमन कर उनके आदर्शों को स्मरण किया. माल्यार्पण के पश्चात परिसर में लगी विभिन्न विषयों पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं भ्रमण किया गया. समारोह में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के कुलगुरु राकेश सिंह, कुलसचिव प्रज्वल खरे तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचार प्रमुख (मध्य क्षेत्र) एवं मुख्य वक्ता कैलाश चंद्र मंचासीन रहे. स्वागत उद्बोधन में कुलगुरु राकेश सिंह ने कहा कि युवा महोत्सव जैसे आयोजन युवाओं को राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्वबोध से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं. कार्यक्रम की प्रस्तावना युवा महोत्सव समिति के संयोजक धर्मेंद्र जाट ने रखी. प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता कैलाश चंद्र ने आरएसएस -100: विचार, योगदान और भविष्य की दिशा विषय पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि युवा शक्ति ही भारत के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है. राष्ट्र निर्माण के लिए केवल आधुनिकता नहीं, बल्कि संस्कार, सेवा और समर्पण का भाव भी आवश्यक है.

प्रतिभा का प्रदर्शन किया-भावोदय प्रतिभा प्रदर्शन के अंतर्गत युवाओं ने कविता, गायन, वक्तृत्व एवं अन्य रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया. पुस्तक स्टॉल्स पर युवाओं की विशेष भीड़ देखने को मिली. प्रथम दिवस का समापन शाम को आयोजित भव्य लाइट एवं साउंड शो से हुआ, जिसमें तिलक इज़्ज़त रखा प्रेम ताका प्रस्तुति लेखक एवं निर्देशक जोना सिंह खीवा द्वारा प्रस्तुत की गई.

समाज की जागरूकता से राष्ट्र की सुरक्षा

द्वितीय सत्र में ब्रिगेडियर रजत कुमार ने आंतरिक सुरक्षा एवं सामुदायिक सुरक्षा की आवश्यकता विषय पर विचार रखते हुए कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा केवल सीमाओं पर ही नहीं, बल्कि समाज की जागरूकता से भी सुनिश्चित होती है. तृतीय सत्र में डिजिटल भारत: आत्मनिर्भरता की ओर एक सशक्त यात्रा विषय पर विनीत तिवारी एवं श्री प्रशांत कोल्हापुरे ने डिजिटल क्रांति, पारदर्शिता, सुशासन एवं भ्रष्टाचार-मुक्त प्रणाली पर अपने विचार साझा किए. चतुर्थ सत्र में फिल्मों और वेब-सीरीज़ का युवा मानस पर प्रभाव विषय पर संजीव नेवर एवं प्रवीण चतुर्वेदी ने विचार व्यक्त किए.

आदर्श रोड पर मल्टीलेवल पार्किंग का महापौर ने किया निरीक्षण

अप्रैल तक शुरू होगी पार्किंग

नव भारत न्यूज

इंदौर. शुक्रवार को महापौर ने शहर की आदर्श सड़क पर निर्माणाधीन मल्टी लेवल पार्किंग का निरीक्षण किया. उक्त मल्टी लेवल पार्किंग अप्रैल में शुरू होने की संभावना है. पार्किंग शुरू होने के बाद शहर के पलासिया और ग्रेटर कैलाश रोड पर यातायात व्यवस्था में सुधार आएगा.

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने पलासिया स्थित आदर्श रोड पर निर्माणाधीन मल्टीलेवल पार्किंग योजना का मौका निरीक्षण किया. इंदौर में यातायात को सुगम बनाने के लिए पर्याप्त पार्किंग स्थान उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है. उन्होंने कहा सुभाष नगर मल्टी लेवल पार्किंग शुरू हो चुकी है. आदर्श रोड पर बीओटी आधार पर जो मल्टीलेवल पार्किंग तैयार हो रही है, उसे अप्रैल तक शुरू करने का लक्ष्य है. इससे आदेश रोड और ग्रेटर कैलाश क्षेत्र में ट्रैफिक का दबाव कम होगा. निरीक्षण के दौरान यातायात प्रभारी राकेश जैन, एमआईसी सदस्य राजेश उदावत, पार्षद पुष्पेंद्र पाटीदार, अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर सहित संबंधित एजेंसी के प्रतिनिधि मौजूद थे.

मेट्रो रेल का अगला चरण शुरू करने की तैयारी

प्रबंध संचालक ने निरीक्षण कर की समीक्षा बैठक

नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर में मेट्रो का सुपर कॉरिडोर 03 से मालवीय नगर तक अगले चरण का संचालन शुरू करने के तैयारी है. इसके लिए सीएमआरसी 15 फरवरी के पहले इंदौर का दौरा करेंगे. सीएनआरसी के दौरे को देखते हुए मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के प्रबंध संचालक ने प्राथमिक कॉरिडोर स्थल निरीक्षण कर कार्य प्रगति की समीक्षा की. निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, समयबद्ध प्रगति तथा प्रस्तावित परिचालन से जुड़े विभिन्न तकनीकी एवं प्रबंधकीय पहलुओं का अवलोकन किया. साथ ही निर्माण एजेंसी और अधिकारियों को निर्देश दिए कि समय सीमा में काम पूरा करने का ध्यान रखें.

मेट्रो रेल के प्रबंध संचालक कृष्ण चैतन्य ने आज इंदौर मेट्रो के मालवीय नगर रेडिसन चौराहे से सुपर कॉरिडोर 02 तक सभी स्टेशन का निरीक्षण किया. इस दौरान स्टेशन परिसर, अप्रोच मार्ग, यात्री सुविधाओं एवं फिनिशिंग कार्यों की गुणवत्ता का जायजा लिया. प्रबंध संचालक ने निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित गुणवत्ता मानकों के साथ तय समय सीमा में पूर्ण करे. अगले चरण में यात्रियों को सुरक्षित, विश्वसनीय एवं आधुनिक मेट्रो सेवा उपलब्ध कराई जा सके. उन्होंने बताया कि इंदौर मेट्रो के आगामी सेक्शनों पर परिचालन शुरू करने की तैयारी है. 15 फरवरी के आस पास सीएमआरसी के इंदौर आने की संभावना है. इसके बाद मेट्रो गांधी नगर से मालवीय नगर तक 17 किलोमीटर की दूरी तय करेगी. इस दौरान करीब 16 स्टेशन का निर्माण कार्य पूरा हो गया है और तकनीकी स्तर पर चेकिंग की जा रही है. इसके बाद समीक्षा बैठक में अधिकारियों द्वारा निर्माण कार्यों की वर्तमान स्थिति एवं आगामी कार्य योजना की जानकारी प्रस्तुत की गई. विशेष रूप से पैकेज आईएन-02, आईएन-03, आईएन-04, आईएन-05 तथा आईएन-07 की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई. निरीक्षण एवं समीक्षा के दौरान योजना से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे.

एक नजर में तीन दिवसीय टेक्नो-कल्चरल मैनेजमेंट फेस्ट स्पंदन का तीसरा दिन

कला, तकनीकी कौशल और रचनात्मकता का किया प्रदर्शन

इंदौर. श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय द्वारा तीन दिवसीय टेक्नो-कल्चरल मैनेजमेंट फेस्ट स्पंदन 2026 का आयोजन किया जा रहा है. महोत्सव का दूसरा दिन विद्यार्थियों के उत्साह, ऊर्जा और रचनात्मकता से भरपूर रहा.

दिन के मुख्य आकर्षण रहे ताल- नृत्य प्रतियोगिता, विनिर्माह: फैशन शो तथा डीजे कावल द्वारा आयोजित जोशीली डीजे नाइट, जिसने पूरे परिसर को उत्सवमय माहौल से भर दिया. दूसरे दिन काव्यांजलि, अक्षन-शॉर्ट फिल्म प्रतियोगिता, मोनोलॉग प्रतियोगिता, कोड मास्टर तथा विभिन्न मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया. सभी प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी कला, तकनीकी कौशल एवं रचनात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया. इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. योगेश गोस्वामी ने कहा कि स्पंदन विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और नई गतिविधियों को आज़माने का एक सशक्त मंच प्रदान करता है. विश्वविद्यालय के चांसलर श्री पुरुषोत्तम दास पसारी ने आयोजन समिति को प्रथम दिवस की सफलता के लिए बधाई दी और शेष महोत्सव के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित कीं. महोत्सव के तीसरे एवं अंतिम दिन बॉलीवुड के प्रसिद्ध गायक अखिल सचदेवा की संगीतमय प्रस्तुति के साथ भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा.